आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
महारत्न कंपनी

**REC Limited | आरईसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालय: कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाष: +91 124 444 1300 | वेबसाइट: www.recindia.nic.in
सीआईएन: L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

एसईसी-1/187(2)/2024/2010 दिनांक: 24 अक्टूबर, 2024

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग,**<br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड**<br>**एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,**<br>**बांद्रा (पूर्व), मुंबई - ४०० ०५१** | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग,**<br>**बीएसई लिमिटेड**<br>**पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,**<br>**दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१** |
| **स्क्रिप कोड-RECLTD** | **स्क्रिप कोड-532955** |
| **Listing Department,**<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra kurla Complex,<br>Bandra (East), **Mumbai-400 051** | **Corporate Relationship Department,**<br>BSE Limited<br>1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Fort, **Mumbai - 400 001** |
| **Scrip Code-RECLTD** | **Scrip Code-532955** |

**विषय: अनुषंगी कंपनियों के निगमन की सूचना।**

महोदय/महोदया,

30 सितंबर, 2024 के हमारे पत्र की निरंतरता में और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 की अनुसूची III के साथ पठित विनियम 30 के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि रतले किरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (सीआईएन:U42202DL2024G0I438102) को आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड ("आरईसीपीडीसीएल") (आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के रूप में निगमित किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(87) के प्रावधानों के अनुसार उक्त कंपनी आरईसी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी भी है। अन्य अपेक्षित विवरण इसके साथ **अनुलग्नक-1** के रूप में संलग्न हैं।

यह आपकी जानकारी के लिए है।

धन्यवाद,

भवदीय,

Jyoti Shubhra Amitabh

(जे. एस. अमिताभ)
कार्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव

संलग्न: उपरोक्तानुसार

**अनुलग्नक-1**

**"रतले किरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड " नामक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का निगमन"**

| क्र. सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1. | लक्षित एंटिटी का नाम, संक्षिप्त विवरण जैसे आकार, टर्नओवर आदि | नाम: रतले किरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड<br>अधिकृत पूंजी: ₹5,00,000/-<br>चुकता पूंजी: ₹5,00,000/-<br>टर्नओवर: लागू नहीं (यह एक नई निगमित कंपनी है और अभी तक अपना कारोबार शुरू नहीं किया है)।<br><br>विद्युत मंत्रालय ने दिनांक 21 अगस्त, 2024 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से एक पारेषण परियोजना आवंटित की थी, जिसमें आरईसीपीडीसीएल को रतले एचईपी (850 मेगावॉट) और किरू एचईपी (624 मेगावॉट): भाग-क से बिजली की निकासी हेतु पारेषण योजना के लिए बोलीदाता के चयन के उद्देश्य से बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है।<br><br>उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, रतले किरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को 23 अक्टूबर, 2024 को निगमित किया गया है। टीबीसीबी दिशानिर्देशों के अनुसार सफल बोलीदाता के चयन के बाद, उक्त कंपनी को सभी परिसंपत्तियां और देयताओं के साथ सफल बोलीदाता को स्थानांतरित कर दी जाएगी। |
| 2. | क्या अधिग्रहण संबंधित पार्टी लेन-देन के अंतर्गत आएगा और क्या प्रमोटर/प्रमोटर समूह/समूह कंपनियों का अधिग्रहण की जा रही एंटिटी में कोई रुचि है?<br><br>यदि हाँ, तो रुचि की प्रकृति और उसका विवरण और क्या यह कार्य "आर्म्स लेंथ" पर किया गया है | रतले किरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, इसलिए यह आरईसी लिमिटेड की एक संबंधित पार्टी है।<br><br>प्रवर्तक, प्रवर्तक समूह/समूह कंपनियों की शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर रतले किरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड में कोई रुचि नहीं है। |
| 3. | जिस उद्योग से अधिग्रहण की जा रही एंटिटी संबंधित है | विद्युत क्षेत्र |
| 4. | अधिग्रहण के उद्देश्य और प्रभाव (लक्षित एंटिटी के अधिग्रहण के कारणों का प्रकटीकरण, यदि उसका कारोबार सूचीबद्ध एंटिटी के कारोबार की मुख्य धारा से बाहर है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है) | कंपनी को रतले एचईपी (850 मेगावॉट) और किरू एचईपी (624 मेगावॉट): भाग-क से बिजली की निकासी हेतु पारेषण योजना के लिए निगमित किया गया है। |
| 5. | अधिग्रहण के लिए आवश्यक किसी भी सरकारी या नियामक अनुमोदन का संक्षिप्त विवरण | विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 21 अगस्त, 2024 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार निगमित किया गया, जिसमें आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड को बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में नामित किया गया है। |
| 6. | अधिग्रहण पूरा करने के लिए सांकेतिक समय अवधि | लागू नहीं। |
| 7. | प्रतिफल की प्रकृति - चाहे नकद प्रतिफल हो या शेयर स्वैप और उसका विवरण | नकद में इक्विटी शेयर पूंजी की 100% सब्सक्रिप्शन। |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | अधिग्रहण की लागत या वह कीमत जिस पर शेयर खरीदे जाते हैं | अंकित मूल्य पर इक्विटी शेयर का 100% सब्सक्रिप्शन। |
| 9. | शेयरधारिता/अधिग्रहीत नियंत्रण का प्रतिशत और/या अर्जित शेयरों की संख्या | 100% |
| 10. | उत्पादों/कारोबार के क्षेत्र, निगमन की तिथि, पिछले 3 वर्षों के टर्नओवर का इतिहास, जिस देश में अधिग्रहीत एंटिटी की उपस्थिति है और कोई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी (संक्षेप में) के संदर्भ में अधिग्रहीत इकाई के बारे में संक्षिप्त पृष्ठभूमि | आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) अन्य बातों के साथ-साथ समय-समय पर विद्युत मंत्रालय और राज्य सरकारों द्वारा प्रदान स्वतंत्र इंटर-स्टेट और इंट्रा-स्टेट पारेषण परियोजना के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के माध्यम से पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए "बोली प्रक्रिया समन्वयक" के रूप में कार्य करती है। |